आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : सातवीं

विषय : हिंदी — अधिकतम अंक : 30

दिनांक: 15-07-2022 — समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. चारो खंडों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'क' (5 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए, दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

(i) प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है ?

(ii) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन प्रशस्त करते हैं ?

(iii) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है ?

(iv) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय अलग कर के लिखिए |

(v) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए क्या आवश्यक है ?

खंड- 'ख' (10 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) 'अनुस्वार' युक्त शब्द है -

(i) माँ (ii) ज़माना (iii) शंकर (iv) मन्नत

(ii) 'अनुनासिक युक्त शब्द है -

(i) मन्नत (ii) चंचल (iii) ज़माना (iv) जहाँ

(iii) 'नुक्ता लगा है' -

(i) कफ़न (ii) बलशाली (iii) बलवंत (iv) झाँसी

(iv) 'श् + र् + ई+ म् + आ +न् +अ' वर्ण-विच्छेद का सही शब्द है -

(i) श्रीमन (ii) श्रीमती (iii) श्रिमान (iv) श्रीमान

3. (i) 'सुडौल' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का सही विकल्प है - (1x2=2)

(i) ल (ii) डौ (iii) सु (iv) डौल

(ii) 'गढ़ंत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का सही विकल्प है -

(i) गढ़ (ii) अंत (iii) त (iv) ढ़ंत

4. (i) 'नैतिक' शब्द का सही विलोम है - (1x2=2)

(i) त्रुटी (ii) अनैतिक (iii) गलत (iv) नैतिकता

(ii) 'तिरस्कार' शब्द का सही युग्म पर्यायवाची शब्द है -

(i) अपमान-निरादर (ii)अनादर-असि (iii) असम्मान-हुतासन (iv) बेईज्ज़त-सुमन

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x2=2)

(i) 'अरे ! आप कहाँ गए थे ?' वाक्य में कारक का भेद है -

(i) संबंध (ii) अधिकरण (iii) संबोधन (iv) करण

(ii) 'पेड़ से आम गिरा |' वाक्य में कारक का भेद है -

(i) अपादान (ii) संबोधन (iii) सम्प्रदान (iv) कर्ता

<u>खंड- 'ग' (10 अंक)</u>

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(क) दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

(ख) क्या आपको दूसरों के इशारों पर काम करना अच्छा लगता है ? तर्कसंगत उत्तर लिखिए |

(ग) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता हमें किस बात के लिए प्रेरित करती है ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (1x3=3)

(क) 'मिठाईवाला' कहानी को पढ़कर क्या आपको यह अनुभूति (महसूस) हुई कि दूसरों को प्यार और खुशी देने से अपने मन का दुख कम हो जाता है ? सोदाहरण उत्तर विस्तार से लिखिए।

अथवा

(ख) 'कठपुतली' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

<u>खंड- 'घ' (6 अंक)</u>

8. (क) वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपनी छोटी बहन को बधाई देते हुए 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (6x1=6)

अथवा

(ख) अपने मित्र के दादा जी के निधन (मृत्यु) पर उसे सांत्वना देते हुए 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।